तेरा सहारा | by Shivam Sukhija

जिसे दुनिया ने ठुकराया उसे तेरा सहारा है
उसे तेरा सहारा है, उसे तेरा सहारा है
तुम्ही नैया तुम्ही मांझी तू ही उसका किनारा है
जिसे दुनिया ने ठुकराया .....

जो आया हार के दर पर उसे विश्वास तेरा है
जो आया हार के दर पर उसे विश्वास तेरा है
उसे विश्वास तेरा है
आस उसे जीत की तुमसे साथी जब श्याम प्यारा है
जिसे दुनिया ने ठुकराया .....

हँसे जग हाल पे जिसके ना समझे जिसकी पीड़ा को
हँसे जग हाल पे जिसके ना समझे जिसकी पीड़ा को
ना समझे जिसकी पीड़ा को
समझ कर हाल ए दिल उसका उसे तुमने संवारा है
जिसे दुनिया ने ठुकराया .....

सुना हो जाते तुम वश में जो भजता भाव से तुमको
सुना हो जाते तुम वश में जो भजता भाव से तुमको
जो भजता भाव से तुमको
ये चलती सांस गौरव की श्याम कर्ज़ा तुम्हारा है
जिसे दुनिया ने ठुकराया .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-shivam-sukhija/